# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा

## अभिषद् की बैठक दिनांक 31.03.2018 का कार्यवृत्त

**समयः 11:30 बजे**
**स्थानः माननीय कुलपति महोदय के आवासीय समागार**

### उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 सुरेन्द्र कुमार सिंह, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 जय गोपाल | – | सदस्य |
| 3. | डा0 अजय नाथ झा | – | सदस्य |
| 4. | डा0 भोला चौरसिया | – | सदस्य |
| 5. | डा0 अजीत कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 6. | डा0 एन0के0 अग्रवाल | – | सदस्य |
| 7. | डा0 अरविन्द कुमार झा | – | सदस्य |
| 8. | डा0 हीरा कान्त झा | – | सदस्य |
| 9. | श्रीमती इस्मत जहाँ | – | सदस्य |
| 10. | डा0 बैद्यनाथ चौधरी | – | सदस्य |
| 11. | डा0 विनोद कुमार चौधरी | – | सदस्य |
| 12. | डा0 फैयाज अहमद | – | सदस्य |
| 13. | श्री लक्ष्मेश्वर राय | – | सदस्य |
| 14. | डा0 महेन्द्र प्रसाद सिंह | – | सदस्य |
| 15. | डा0 अमर कुमार | – | सदस्य |
| 16. | डा0 धनेश्वर प्रसाद सिंह | – | सदस्य |
| 17. | डा0 हिमांशु शेखर | – | सदस्य |
| 18. | डा0 मदन मोहन झा | – | सदस्य |
| 19. | श्री संजय सरावगी | – | सदस्य |
| 20. | डा0 डी0 एन0 पासवान | – | सदस्य |
| 21. | मुस्तफा कमाल अंसारी, कुलसचिव | – | सचिव |

कुलसचिव द्वारा सभी माननीय सदस्यों को शुभकामना देते हुए बैठक में सभी का स्वागत किया गया तथा 1ली अप्रैल को आयोजित 8वीं दीक्षांत समारोह की तैयारीयों की विस्तृत व्यौरा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसकी सदन से सहमति के उपरान्त माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय की अनुमति से कुलसचिव द्वारा बैठक की विधिवत कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**मद सं0 1.** अभिषद् की गत बैठक दिनांक 02.02.2018 एवं 19.02.2018 के कार्यवृत की संपुष्टि पर विचार।

**निर्णयः** **दिनांक 02.02.2018 के मद सं0 1 के अभिषद् की बैठक दिनांक 12.12.12.2017 के कार्यवृत के अतिरिक्त मद सं 03 में दाता सदस्यों की सूची में नागेन्द्र झा महिला महाविद्यालय दरभंगा एवं सती भरत महाविद्यालय, परृी,बहेड़ी महाविद्यालय के दाता सदस्यों के नाम को भी जोड़कर अगली बैठक में रखी जाय,अन्यान्य मद सं0 2 में कन्हैया झा के नाम के स्थान पर**

**कन्हैया चौधरी अंकित कर पढ़ी जाय तथा अतिरिक्त मद सं0 11 में शिक्षकों के 131 दिनों के हड़ताल अवधि के संबंध मे माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में कार्य किये जाने की सहमति बनी। उक्त संशोधनों के साथ गत बैठक दिनांक 02.02.2018 के सभी निर्णयों एवं 19.02.2018 के कार्यवृत को यथावत सम्पुष्ट किया गया।**

मद सं0 2. अभिषद् की बैठक दिनांक 02.02.2018 एवं 19.02.2018 में पारित प्रस्तावों के अनुपालन–प्रतिवेन पर विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त, अभिषद् की बैठक दिनांक 02.02.2018 एवं 19.02.2018 में पारित प्रस्तावों के अनुपालन–प्रतिवेन पर सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। परिशिष्ट –(क) पृ0सं0–(4–8)**

मद सं0 3. विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक 07.03.2018 एवं प्रस्तावित बैठक दिनांक 26.03.2018 के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त, विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक 07.03.2018 एवं दिनांक 26.03.2018 के बैठक की कार्यवृत को अनुमोदित किया गया। परिशिष्ट –(ख) पृ0सं0–( 9 –17)**

मद सं0 4. अनुशासन समिति की प्रस्तावित बैठक दिनांक 23.03.2018 के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **प्रस्ताव को अगली बैठक में उपस्थापित किए जाने की सहमति बनी।**

मद सं0 5. वित्त समिति की प्रस्तावित बैठक दिनांक 21.03.2018 के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **प्रस्ताव को अगली बैठक में उपस्थापित किए जाने की सहमति बनी।**

मद सं0 6. परीक्षा परिषद् की बैठक दिनांक 15.02.2018, 22.02.2018 एवं 05.03.2018 के कार्यवृत के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **विचारोपरान्त, परीक्षा परिषद् की बैठक दिनांक 05.03.2018 के कार्यवृत को पढ़ा गया तथा मद सं 03 एवं मद सं0 4 को सर्वसम्मति से अनुमोदित करते हुए अन्य मदों के साथ बैठक दिनांक 15.02.2018, 22.02.2018 के सभी प्रस्ताव को अगली बैठक में प्रस्तुत किये जाने की सहमति बनी।**

मद सं0 7. सम्बद्ध महाविद्यालयों में अनुशंसित पदों पर नियुक्त शिक्षकों की सेवा के संबंध में चयन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अधिसूचित किये जाने के प्रसंग में बिहार विधान परिषद् सचिवालय के पत्रांक 2588(1) दिनांक 29.12.2017 पर विचारं।

निर्णयः **विचारोपरान्त सम्बद्ध महाविद्यालयों में अनुशंसित पदों पर नियुक्त शिक्षकों की सेवा के संबंध में चयन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अधिसूचित किये जाने के प्रसंग में बिहार विधान परिषद् सचिवालय के पत्रांक 2588(1) दिनांक 29.12.2017 को अनुमोदित किया गया।**

मद सं0 8. बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976(अद्यतन संशोधित) की धारा 57(A)(6) के अनुपालनार्थ एम0आर0एस0एम0 महाविद्यालय, आनन्दपुर, सहोड़ा, दरभंगा में 19.04.2007 के पूर्व शासी निकाय द्वारा नियुक्त शिक्षकों के अनुमोदन हेतु गठित चयन समति को अनुशंसा एवं शासी निकाय द्वारा उसे स्वीकार किये जाने में की गयी विसंगतियों की जॉच हेतु गठित उपसमिति के प्रतिवेदन पर विचार।

निर्णयः **प्रस्ताव को अगली बैठक में उपस्थापित किए जाने की सहमति बनी।**

मद सं0 9. दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 20. 03.2018 की कार्यवृत्त के आनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **प्रस्ताव अगली बैठक में उपस्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया।**

मद सं0 10. <u>अतिरिक्त यदि कोई हो(अध्यक्ष की अनुमति से)</u>।

**अतिरिक्त मद सं0 1 से मद सं0 7 तक सभी प्रस्तावों को अगली बैठक में रखे जाने की सहमति बनी।**

अन्यन्य मदः 1. डा0 मदन मोहन झा एवं डा0 विनोद कुमार चौधरी ने संयुक्त प्रस्ताव किया कि डा0 कन्हैया चौधरी,एम0आर0एम0 महाविद्यालय के मामले में,

**विधिसम्मत कार्यवाही किए जाने की सहमति बनी।**

बैठक के अंत में कुलसचिव द्वारा बैठक के संचालन में सहयोग एवं महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करने हेतु सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। तत्पचात् माननीय अध्यक्ष–सह–कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गयी।

**ह0/–**
**(मुस्तफा कमाल अंसारी)**
**कुलसचिव–सह–सचिव**

**ह0/–**
**(सुरेन्द्र कुमार सिंह)**
**कुलपति–सह–अध्यक्ष**

ज्ञापांक : U.B.425/18

दिनांक : 31/3/2018,

**प्रतिलिपि प्रेषित :–**

1. **अभिषद् के सभी माननीय सदस्य**, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. **सचिव, उच्च शिक्षा, बिहार, पटना।**
3. **निदेशक,उच्च शिक्षा, बिहार, पटना।**
4. **उप–सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना।**
5. **नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट)**, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
6. **सभी पदाधिकारी/कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक**, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

31.3.18
कुलसचिव